बरेली, शनिवार
20 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22


# दैनिक जागरण


PAGE NO I : TOP

कोहरा में कम रोशनी के चलते चौथे दिन भी नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद, 45 रन की बढ़त के चलते यूपी को तीन व बंगाल को मिला एक अंक

# कोहरे के चलते मैच हुआ ड्रा, पश्चिम बंगाल की टीम कूच बिहार ट्राफी से 'आउट'

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच हो रहा कूच बिहार ट्राफी का मैच शुक्रवार को समाप्त हो गया। कोहरे के चलते चौथे दिन का मैच नहीं हो पाया। बंगाल के 171 रन के जवाब में पहली पारी में 45 रनों की बढ़त हासिल करने की वजह से उत्तर प्रदेश टीम को ड्रा मैच के बाद भी तीन प्वाइंट प्रदान मिले। बंगाल को एक अंक हासिल हुआ। तीन प्वाइंट के साथ कूच बिहार ट्राफी में उत्तर प्रदेश के 22 अंक हो गए। इसके साथ टीम ने सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश हासिल किया। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के विकेटकीपर बल्लेबाज युवराज को मैन आफ द मैच चुना। युवराज ने 107 गेंदों पर दो छक्कों और 11 चौकों की मदद से 75 रन बनाए और कैच लेकर बंगाल के पांच खिलाड़ियों को आउट करने में भी बहुमूल्य योगदान दिया।



कूच बिहार ट्राफी के मैन आफ द मैच युवराज को स्मृति चिह्न देते बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना व अन्य • सौ. बीसीए

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से एसआरएमएस स्टेडियम भोजीपुरा में आयोजित कूच बिहार ट्राफी में अंतिम दिन खेल देखने उमड़े दर्शकों को कोहरे ने निराश किया। दोपहर में अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश फैनन की सलाह के बाद मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने मैच समाप्त होने की घोषणा की।



कूच बिहार ट्राफी के समापन के बाद उत्तर प्रदेश व बंगाल के खिलाड़ी • सौ. बीसीए

इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बीसीए सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना ने आनलाइन स्कोरर तपेश कौशिक, स्कोरर प्रशांत कुमार, बोर्ड स्कोरर प्रणय दास, वीडियो एनालिस्ट अभिषेक कुमार यादव और जसकीरत सिंह जस्सी, बीसीसीआइ क्यूरेटर रविंद्र चौहान, यूपीसीए के पिच क्यूरेटर शिव कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आदित्य मूर्ति ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ मैच से जुड़े सभी व्यक्तियों का आभार जताया। इस मौके पर ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, बीसीए के सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, राकेश शर्मा, एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, मनीष सिंह, नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, यूसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे।